सम्पूर्ण मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में प्रसारित

RNI No.: MPHIN/2012/42095

Samarthsharanewsup@gmail.com

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 45.0 | 35.0 |
| उत्तर प्रदेश | 35.0 | 28.0 |
| छत्तीसगढ़ | 28.0 | 25.0 |
| मध्य प्रदेश | 35.0 | 26.0 |

पेट्रोलियम कीमत

पेट्रोल : 101.89 डीजल : 95.18

भोपाल

सोमवार

17 अगस्त 2026

वर्ष : 12, अंक : 065

कुल पृष्ठ : 8

मूल्य : रू.2.00

दैनिक समर्थ सहारा

सच को सच कहने का अदम्य साहस

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति ने किया ध्वजारोहण


**समर्थ सहारा ब्यूरो**

**कानपुर।** सीएसए के कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीद स्वतंत्रा संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए। इसके बाद मुख्य भवन पर कुलपति द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के बाद विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित किया।कुलपति ने अपने संबोधन में कृषकों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि मैं उन सभी वीर योद्धाओं को नमन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं जिनकी वजह से आज मैं इस दिन को मना रहा हूं। कुलपति ने कहा कि स्वाधीन होने के बाद से खाद्यान्नों में 5 गुना, उद्यानिकी फसलों में 9 गुना, मछली क्षेत्र में 12.5 गुना, दुग्ध क्षेत्र में 9 गुना एवं अंडा उत्पादन के क्षेत्र में 39 गुना वृद्धि हासिल हुई है। इस बृद्धि में हमारे विश्वविद्यालय एवं प्रदेश के किसानों का प्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कुलपति ने कहा कि हमारा देश आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर ही नहीं अपितु हम इसे विभिन्न देशों को निर्यात भी कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मसालों के निर्यात में भी हम अग्रणी हैं कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में 11.8% कृषि अंतर्गत क्षेत्रों के साथ 20% खाद्यान्न उत्पादन कर हमारा प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। तिलहन, दलहन उत्पादन के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा 300 से अधिक फसल प्रजातियों का विकास किया गया है।साथ ही प्रसार के क्षेत्र में कृषकों के क्षेत्रों तक उन्नत तकनीक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि आज हमें प्रत्येक गांव में न्यूट्रीफार्मिंग, न्यूट्री गार्डनिंग के साथ ही जलवायु स्मार्ट गांव की दिशा में अपने अनुसंधान एवं प्रसार कार्यों को अपने मुख्य एजेंडा में लेना आवश्यक है। मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजयी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ वी के त्रिपाठी ने बताया कि ससमय सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रशासनिक भवनों पर झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव,डीन गृह विज्ञान डॉक्टर सीमा सोनकर, डीन कृषि संकाय डॉक्टर कौशल कुमार, निदेशक शोध डॉ महक सिंह सहित सभी विश्व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# सीएसए में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस






कानपुर (वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने अमर शहीद एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ की। इसके बाद मुख्य भवन पर कुलपति ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित किया।

कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कृषकों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले सभी वीर योद्धाओं के प्रति हम सदैव कृतज्ञ रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिन स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, उन्हें नमन और श्रद्धासुमन अर्पित करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। खाद्यान्न उत्पादन में लगभग पांच गुना, उद्यानिकी फसलों में नौ गुना, मत्स्य क्षेत्र में 12.5 गुना, दुग्ध उत्पादन में नौ गुना तथा अंडा उत्पादन में 39 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रगति में विश्वविद्यालयों, कृषि वैज्ञानिकों और प्रदेश के किसानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

कुलपति ने कहा कि भारत आज खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के साथ ही विभिन्न देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी कर रहा है। मसालों के निर्यात में भी भारत अग्रणी देशों में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में किसानों और कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11.8 प्रतिशत क्षेत्रफल के साथ उत्तर प्रदेश करीब 20 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन में योगदान देकर देश में अग्रणी स्थान रखता है। तिलहन और दलहन उत्पादन के क्षेत्र में भी प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। कुलपति ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा अब तक 300 से अधिक फसल प्रजातियों का विकास किया गया है। इसके साथ ही कृषि प्रसार के माध्यम से उन्नत कृषि तकनीकों को किसानों के खेतों तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, ताकि किसानों की आय, उत्पादकता और कृषि की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कृषि के सामने जलवायु परिवर्तन, जल संकट और पोषण संबंधी चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में प्रत्येक गांव में पोषण आधारित खेती, पोषण वाटिका तथा जलवायु स्मार्ट गांव की अवधारणा को बढ़ावा देना आवश्यक है। विश्वविद्यालय को अपने अनुसंधान और प्रसार कार्यों में इन विषयों को प्रमुखता देनी होगी। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ा और उन्होंने देश, समाज तथा कृषि क्षेत्र के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया।

विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रशासनिक भवनों पर भी निर्धारित समय पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छुसमारोह में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, गृह विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता डॉ. सीमा सोनकर, कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. कौशल कुमार, निदेशक शोध डॉ. महक सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

# खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश रहा अव्वल

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर ध्वजारोहण किया। कुलपति ने कहा कि आज़ादी के बाद से खाद्यान्नों में 5 गुना, उद्यानिकी फसलों में 9 गुना, मछली क्षेत्र में 12.5 गुना, दुग्ध क्षेत्र में 9 गुना एवं अंडा उत्पादन के क्षेत्र में 39 गुना वृद्धि हासिल हुई है। खाद्यान्न उत्पादन में 11.8 फीसदी कृषि अंतर्गत क्षेत्रों के साथ 20 फीसदी खाद्यान्न उत्पादन कर हमारा प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इस मौके पर निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. सीमा सोनकर, डॉ. कौशल कुमार आदि मौजूद रहे।

हिंदुस्तान 17/08/2026

अमर उजाला 17/08/2026

में आजादी का जश्न मनाया गया। मौके पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान ...
प्रस्तुत ... मो. ... 
... भशरप ... रहे ...

मंत्री व पूर्व सांसद रघु शर्मा रहे। इस दौरान ... अंसारी, संजीव ... टिल्लू ठाकुर, ... (ब्यूरो)

## सीएसजेएमयू, सीएसए और आईआईटी में भी किया गया ध्वजारोहण

कानपुर। सीएसजेएमयू में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने ध्वजारोहण किया। यहां हर घर तिरंगा और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हुई विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी, भाषण में आयुष कुमार व संस्कृति जायसवाल, चित्रकला में प्रेम सिंह प्रथम रहे। यहां तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट भी हुआ। मौके पर डॉ. वंदना पाठक, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, रजिस्ट्रार राकेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. सीमा सोनकर, डॉ. कौशल कुमार आदि मौजूद रहे। आईआईटी में निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। अर्धवार्षिक हिंदी पत्रिका अंतस के 30वें संस्करण का लोकार्पण हुआ। ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में संस्कृति की जड़ें, विकास के पंख पर झांकी प्रस्तुत की। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। (ब्यूरो)